कुल पृष्ठों की संख्या : 04 | नामांक [ ][ ][ ][ ] | कुल प्रश्नों की संख्या : 32

TK

अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2022-23

समय : 3.15 घंटे | कक्षा–9 | पूर्णांक : 70

विषय–हिन्दी

नोट : 1. परीक्षार्थी सर्व प्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखे।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखे।
4. जिन प्रश्नों के आंतरिक खण्ड है, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

बहुविकल्पीय प्रश्न–

1. 'निरामिष' का सही विलोम शब्द बताइये– 1

(अ) मांसाहारी (ब) शाकाहारी (स) फलाहारी (द) सामिष

2. सीता रामचन्द्र जी की पत्नी थी। रेखांकित शब्द का सही पर्यायवाची बताइये– 1

(अ) प्रिया (ब) सखी (स) स्त्री (द) जीवन संगिनी

3. किसान दिन–रात परिश्रम करते हैं इस वाक्य में उद्देश्य पद है– 1

(अ) दिन रात (ब) किसान (स) परिश्रम (द) करते हैं

4. व्यक्तिवाचक विशेषण है – 1

(अ) जयपुरी (ब) वह (स) दानी (द) पाँचवा

खण्ड–2

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

5. पाहन होतो वही .... को जो कियो हरि छत्र पुरन्दर धारण। 1
6. ऊँची काली दीवारों के घेरे में डाकू, चोरों .... डेरे में। 1
7. लेकिन औरत जात पर .... चलाना मना है, यह भूल जाते हो। 1
8. दूसरे दिन हमने .... ढूँढने की कोशिश की। 1
9. .... के व्रत पर प्राणों का आसव किसमें भर दूँ। 1

खण्ड–3

सही / गलत उत्तर बताइये –

10. राहुल सांस्कृत्यायन का मूल नाम केदार पाण्डेय था। 1
11. प्रधान सेनापति जनरल का नाम था। 1
12. जिसे तुम घृणित समझते हो उसकी तरफ अंगूठे से ईशारा करते हो। 1
13. सालिम अली प्रकृति विज्ञानी थे। 1

14. जानवरों में गधा सबसे ज्यादा बुद्धिमान समझा जाता है।

खण्ड–4

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न :– 2

15. कवयित्री का 'घर जाने की चाह' से क्या तात्पर्य है ? 2

16. मनुष्य ईश्वर को कहाँ–कहाँ ढूँढता फिरता है ? 2

17. 'खींच रही मैं नाव'– इस पंक्ति में 'नाव' से क्या आशय है ? 2

18. रसखान का मूल नाम क्या था ? 2

19. अर्द्ध रात्रि में कोयल की चीख से कवि को क्या अंदेशा है ? 2

20. निम्न लिखित उपसर्गों से दो–दो शब्द बनाइये –

(i) अधि (ii) उत् (iii) अ (iv) उन 2

21. निम्नलिखित शब्दों में कौन–कौन से प्रत्यय है बताइये –

(i) राष्ट्रीय (ii) बुढ़ापा (iii) पठित (iv) जयपुरिया 2

22. निम्नलिखित शब्दों के तीन–तीन पर्यायवाची लिखिए–

(i) पृथ्वी (ii) पक्षी (iii) सागर (iv) पुत्र

खण्ड–5

लघुत्तरात्मक प्रश्न :– 3

23. छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया ? 3

24. लेखक के अनुसार जीवन में 'सुख' से क्या अभिप्राय है ? 3

25. समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु आप क्या क्या प्रयास कर सकते हैं ? 3

26. बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे ? 3

27. सड़क पर चलते समय यातायात के किन–किन नियमों का पालन करना चाहिए? 3

निबन्धात्मक प्रश्न

28. 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में सामाजिक खोखलेपन पर निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए? 5

खण्ड 6

29. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 5

'संस्कृति' शब्द का संबंध संस्कार से है जिसका अर्थ है– संशोधन करना, उत्तम [illegible] परिष्कार करना। संस्कार व्यक्ति के भी होते हैं और जाति के भी। जातीय

अनुकूल रहन–सहन की विधियाँ और विचार परम्पराएँ जाति के लोगों में दृढ़ मूल हो जाने से जाति के संस्कार बन जाते हैं। इनको प्रत्येक व्यक्ति अपनी निजी प्रकृति के अनुकूल न्यूनाधिक मात्रा में पैतृक सम्पत्ति के रूप में प्राप्त करता है। ये संस्कार व्यक्ति के घरेलू जीवन तथा सामाजिक जीवन में परिलक्षित होते हैं। मनुष्य अकेला रहकर भी इनसे छुटकारा नहीं पा सकता। ये संस्कार दूसरो देश में निवास करने अथवा दूसरे देशवासियों के सम्पर्क में आने से कुछ परिवर्तित भी हो सकते हैं और कभो कभो दब भी जाते हैं, किन्तु अनुकूल वातावरण प्राप्त करने पर फिर उभर आते हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक बताइये ?
(ii) संस्कार शब्द का अर्थ क्या है ?
(iii) संस्कृति किसे कहते हैं ?
(iv) व्यक्ति के संस्कार कहाँ परिलक्षित होते हैं ?
(v) 'संस्कृति' शब्द का सम्बन्ध किस शब्द है ?

खण्ड 7

30. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

ओ हिमानी चोटियों के सहज प्रहरी
तंग सूनी घाटियों के सबल रक्षक,
तू न एकांकी समझना आपको
देश तेरे साथ अन्तिम श्वांस तक।

जानते हम पंथ है दुर्लघ्य तेरा,
जानते हम कर्म का काठिन्य तेरा,
मौत का है सामने तेरे अंधेरा,
किन्तु पीछे आ रहा जगता सवेरा।

तू सिपाही सत्य का स्वातन्त्र्य का है
न्याय का ओर शान्ति का है तू सिपाही,
प्राण देकर प्राण के ओ' प्रबल प्रहरी!
जा रहा तू देशहित बलि पंथ राही!

जा कि तेरे साथ है इस देश का बल
साथ तेरी विजय की शुभकामना है।

(i) इस काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक बताइये।

(ii) सजग प्रहरी किसकी पहरेदारी कर रहा है ?

(iii) सजग प्रहरी का कर्म कैसा बताया गया है ?

(iv) इस काव्यांश में किस भाव की प्रधानता है ?

(v) 'दुर्लघ्य' शब्द में उपसर्ग एवं प्रत्यय बताइये ?

खण्ड–8

31. अपने प्रधानाचार्य को चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

जलदाय विभाग, बीकानेर के अधिकारी के नाम एक शिकायती पत्र लिखिए जिसमें नगर में व्याप्त जल संकट का विवरण हो।

32. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए। 5

(i) स्वच्छ भारत अभियान

(ii) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

(iii) समय का सदुपयोग

(iv) कोरोना :– एक महामारी

❑❑❑